दैनिक भास्कर 15/05/2023

# इग्नू सेंटर के जरिए शिक्षा पूरी कर सकते हैं : डॉ. नरुल

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इग्नू के छात्रों के लिए प्रेरणा बैठक हुई। कार्यक्रम में सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नरुल हसन बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इग्नू शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत काम कर रहा है, जो लोग किसी कारणवश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सके, वे इस इग्नू सेंटर के जरिए अपनी शिक्षा पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा व परीक्षा से जुड़े हर पहलू पर प्रकाश डाला। इग्नू केंद्र की संयोजक कमलेश कुमारी ने बताया कि भविष्य में ऐसे केंद्रों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। बैठक में सज्जन सिंह, श्याम सिंह, संजीव कुमार व जयचंद मौजूद थे।